BIHAR NEWS : विकास को गति देने के लिए एसडीजी के साथ योजनाओं का समन्वय जरूरी - डॉ. एन. विजयलक्ष्मी

पटना : सतत विकास लक्ष्यों (SDGs)की प्राप्ति के लिए बिहार में डेटा-आधारित शासन प्रणाली को सुदृढ़ बनाने की दिशा में निरंतर ठोस पहल की जा रही है. योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी ने गुरुवार को फुलवारी स्थित निजी होटल में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि"विकास को वास्तविक गति देने के लिए योजनाओं का एसडीजी के साथ प्रभावी समन्वय अत्यंत आवश्यक है."

'सतत विकास लक्ष्यों के मॉनिटरिंग फ्रेमवर्क,पर्यावरणीय लेखांकन एवं जेंडर सांख्यिकी'विषय पर आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन अवसर पर उन्होंने बताया कि राज्य सरकार एसडीजी के स्थानीयकरण को प्राथमिकता देते हुए जिला स्तर तक एक सुदृढ़ एवं प्रभावी निगरानी तंत्र विकसित कर रही है,जिससे योजनाओं की प्रगति का सटीक आकलन सुनिश्चित किया जा सके.